# कार्यालय पुलिस अधीक्षक जनपद गाजीपुर।

**पत्रसंख्या- सो0मी0- स0कार्य- 01/2025** **दिनांक 11/01/2025**

**सेवा में,**

**अपर पुलिस महानिदेशक,**
**वाराणसी जोन, वाराणसी, उ0प्र0।**

अपने पत्र संख्याःवीजेड-सोशल मीडिया-(18)/2020/10720,दिनांकःजून 04,2020 व पत्र संख्याः41/6-पु-3/2020,दिनांकः04/06/2020 का (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने की कृपा करें, जो पुलिस विभाग एवं उसके अन्य इकाईयों द्वारा किये जाने वाले सराहनीय कार्यों एवं विशिष्ट उपलब्धियों का प्रचार-प्रसार किये जाने विषयक है।

कृपया

उक्त के संबंध में सादर अवगत कराना है कि जनपद गाजीपुर के पुलिस कर्मियों द्वारा उत्कृष्ट/सराहनीय कार्य के संबंध में **दिनांक 10.01.2025** की संबंधित सूचना निम्नवत् है-

**01. थाना भांवरकोल पुलिस द्वारा 25000 रू/- का ईनामियां 01 नफर गौ तस्कर को किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत दिनांक 10.01.2025 को थानाध्यक्ष भावरकोल मय हमराह के द्वारा थाना स्थानीय का वांछित व 25000रू/- का ईनामिया घोषित अपराधी जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु०अ०सं० 177/2024 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधि0 में वांछित चल रहा है ,को रसुलपुर वलिया बार्डर के पास से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार शुदा अभियुक्त को मा० न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त -**

1.प्रिंस सिंह पुत्र मुक्तेश्वर सिंह नि0ग्राम राजपुर इकौना थाना हल्दी जनपद बलिया

**अभियुक्त का अपराधिक इतिहास**

मु०अ०सं० 177/2024 धारा 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधि0 थाना भांवरकोल जनपद गाजीपुर

**02. थाना नगसर हाल्ट पुलिस द्वारा 01 नफर अभियुक्त को 520 ग्राम नाजायज गांजा के साथ किया गया गिरफ्तार।**

अपराध एंव अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत प्रभारी नगसर हाल्ट मय हमराह सक्रिय अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियों / वस्तुओं, अवैध गांजा की गिरफ्तारी व बरामदगी के क्रम में मुखबीर खास की प्राप्त सूचना पर ब्रम्ह बाबा मन्दिर के पास वहद ग्राम असांव बफासला से अभियुक्त अजीत वर्मा उर्फ शन्नि वर्मा पुत्र छांगुर वर्मा निवासी ग्राम दशवन्तपुर थाना नगसर हाल्ट गाजीपुर को गिरफ्तार किया गया, जिसकी जामा तलाशी से 520 ग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ है, गांजा बरामदगी के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 01/2025 धारा 8/20 NDPS Act पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त का नाम पता –**

अजीत वर्मा उर्फ शन्नि वर्मा पुत्र छांगुर वर्मा निवासी ग्राम दशवन्तपुर थाना नगसर हाल्ट गाजीपुर

**<u>03. थाना जमानिया पुलिस टीम द्वारा अवैध हेरोइन की तस्करी करने वाले 01 नफर अभियुक्त को 100 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन ( जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख रु0) के साथ किया गया गिरफ्तार।</u>**

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 10.01.2025 को थाना जमानिया पुलिस टीम द्वारा अवैध हेरोइन की तस्करी करने वाले अभियुक्त शाहआलम खाँ पुत्र मुर्तुजा खाँ निवासी कुशी थाना दिलदार नगर जनपद गाजीपुर को 100 ग्राम मादक पदार्थ हेरोइन ( जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख रु0) के साथ लहुवार मोड़ पुलिया थाना जमानिया गाजीपुर के पास से गिरफ्तार किया गया। अवैध हेरोइन तस्करी करने वाले गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 15/2025 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त का नाम व पता–</u>**

शाहआलम खाँ पुत्र मुर्तुजा खाँ निवासी कुशी थाना दिलदार नगर जनपद गाजीपुर उम्र करीब 43 वर्ष

**<u>बरामदगी का विवरण –</u>** एक अदद वाहन मोटर साइकिल संख्या GJ05 HT0764 व 100 ग्राम नाजायज हेरोइन (जिसकी अंतर्राष्ट्रीय कीमत लगभग 20 लाख रु0)

**पुलिस अधीक्षक**
**गाजीपुर**